**13/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से मिजोरम के आइजोल में नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बैराबी-सैरांग नई रेल लाइन का उद्घाटन किया, जो आइजोल को पहली बार भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगी। अपने संबोधन में, श्री मोदी ने इस दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन मिजोरम में लोगों के जीवन में क्रांति लाएगी और अब मिजोरम के किसान और व्यवसाय भी देश भर के अधिक बाजारों तक पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री ने तीन नई एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई और लोंगतलाई-सियाहा रोड पर छिमटुईपुई नदी पुल की आधारशिला रखी। मिजोरम की अपनी यात्रा के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के चुराचंदपुर में सात हजार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर श्री मोदी ने मणिपुर के सभी संगठनों से अपने सपनों को पूरा करने और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए शांति के मार्ग पर चलने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कोर की दाओ डिवीजन द्वारा आज, हायूलियांग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों के लिए बरकी दिवस पर, एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों को ड्रोन एवं हथियारों के प्रदर्शन और एक प्रेरक व्याख्यान के माध्यम से सैन्य जीवन का अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे तहत सैन्य-नागरिक संबंध और मज़बूत हुआ। बरकी दिवस, 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 11 सितंबर, 1965 को भारतीय सेना द्वारा बुर्की शहर जिसे बेटल ऑफ़ बुर्की भी कहा जाता है, पर जीत और कब्ज़ा करने की याद दिलाता है।

0000000000000000000000

वाकरो सर्कल की पहली पीढ़ी की मनीषा हालाई जो शिक्षार्थी से डॉक्यूमेंट्री-फिल्म निर्देशक बनीं, उन्हें एशिया भर के फिल्म निर्माताओं की 292 एंट्रीस में से, कामान-मिश्मी भाषा में अपनी पहली फीचर डॉक्यूमेंट्री **"ऑरेंज बीटल: मदर एंड आई"** के लिए प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन इंटर्नेशनल डॉक्युमेंट्री कोंफ़्रेंस पुरस्कार और इंडोनेशिया के बाली में आयोजित ऑडियंस अवार्ड का खिताब जिता है। पुरस्कार विजेता ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सबसे दूरदराज के गाँवों में से एक से आकर, इतने प्रतिष्ठित मंच पर अपनी फिल्म पेश करना एक गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण था। यह फिल्म अभी अपने शुरुआती चरण में है और इसका निर्माण अकादमी-नोमिनेटेड फिल्म निर्माता रिंटू थॉमस और सुष्मित घोष कर रहे हैं।

00000000000000000000000

भारत के श्रम एवं रोजगार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने और नई पहल शुरू करने के तहत आयोजित एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में राज्य के श्रम एवं रोजगार मंत्री न्यातो दुकाम ने कल केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में देश भर के श्रम मंत्रियों के साथ भाग लिया।

00000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सुधार आयोग (APARC) के अध्यक्ष प्रमोद जैन के नेतृत्व में, पापुम पारे में जिला अधिकारियों के साथ प्रशासनिक सुधारों पर चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य चुनौतियों की पहचान करना और बेहतर सेवा वितरण के लिए सुधारों को लागू करना था। बैठक में APARC की सचिव (AR) सह सदस्य सचिव, इरा सिंघल, APARC सदस्य हेंतो कारगा, पापुम पारे उपायुक्त विशाखा यादव, अतिरिक्त उपायुक्त तामे याजुम, जिले के विभागाध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

00000000000000000000000

विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर, भारतीय सेना के स्थानीय सैन्य प्राधिकरण ने रेजिमेंटल मेडिकल ऑफिसर के नेतृत्व में आज शी योमी जिले के मेनचुका और मनीगोंग में स्वास्थ्य एवं

स्वच्छता विषय पर आधारित व्यापक प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। जिसमें कुल दो सौ स्थानीय प्रतिभागियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

नारियल विकास बोर्ड ने केवीके नामसाई के सहयोग से गत 11 और 12 सितंबर को "नारियल की खेती पर खेत प्रदर्शन और पौधे वितरण" पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करते हुए किसानों को वैज्ञानिक खेती, कीट प्रबंधन और सरकारी योजनाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के तहत चौखाम, नामसाई और लेकांग ब्लॉक के 100 किसानों को कामरूप टॉल, ईस्ट कोस्ट टॉल और वेस्ट कोस्ट टॉल किस्मों के कुल 3,100 नारियल के पौधे वितरित किए गए।

0000000000000000000000

वेस्ट सियांग जिले के दाराक में आगामी 12 से 14 अक्टूबर तक दाराक के स्थानीय लोगों द्वारा ईटानगर स्थित एक पर्यटन एनजीओ यंग मिशन एडवेंचर क्लब के सहयोग से, दाराक इकोटूरिज्म-कम-एंगलिंग फेस्टिवल 2025 का चौथा संस्करण आयोजित किया जाएगा। इस फेस्टिवल के प्रोमोश्नल बैनर का अनावरण कल ईटानगर में 27वें लिरोमोबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पेसी जिलेन द्वारा किया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों तवांग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, आंजाव, लोहित, तिराप और लोंगदिंग के लिए ऑरेंज और बाकी सभी जिलों के लिए अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बोजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000